Chapter - 1

JavaScript Introduction (जावा स्क्रिप्ट का परिचय)

जावास्क्रिप्ट का विकास नेटस्केप कम्युनिकेशन (Netscape Communication) नामक कंपनी के Brendan Eich द्वारा किया गया था इसे पहली बार 1995 में नेटस्केप नेविगेटर 2.0 नामक ब्राउज़र प्रोग्राम के साथ जारी किया गया था और प्रारंभ में इसका नाम लाइव स्क्रिप्ट (LiveScript) था| लेकिन Java नाम की लोकप्रियता के कारण इसका नाम बाद में बदलकर जावास्क्रिप्ट रखा गया| Java सन माइक्रोसिस्टम (Sun Micro system) नामक कंपनी द्वारा सभी प्लेटफार्म पर चलने वाली ऑब्जेक्ट ओरिएंटेड प्रोग्रामिंग (OOP) भाषा के रूप में विकसित की गई है इसने शीघ्र ही मान्यता प्राप्त कर ली थी इसलिए लाइव स्क्रिप्ट का नाम बदलकर जावास्क्रिप्ट रख दिया गया|

माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन नामक कंपनी ने जावा स्क्रिप्ट के महत्व को पहचाना और इससे मिलती-जुलती दो स्क्रिप्टिंग भाषाओं को प्रस्तुत किया – एक jscript जो जावास्क्रिप्ट से बहुत समानता रखती है और दूसरी VBScript जो विजुअल बेसिक का ही एक भाग या सब सेट है इन एक जैसी कई भाषाओं ने वेब डेवलपर के लिए बहुत समस्या पैदा की क्योंकि किसी भी ब्राउज़र में इन सभी के कोड को interprit करने की क्षमता नहीं हैं | इसलिए अंत में नेटस्केप, माइक्रोसॉफ्ट तथा अन्य कंपनियां एक सामान्य स्क्रिप्टिंग भाषा के रूप में जावास्क्रिप्ट को स्वीकार करने को तैयार हो गए| तत्पश्चात यूरोपीय कंप्यूटर निर्माता संघ ECMA (EUROPEAN COMPUTER MANUFACTURER ASSOCIATION) ने इसका मानक रूप जुलाई 1997 में जारी किया जो आज प्रचलित है हालांकि अभी भी कोई भी ब्राउजर इसके साथ 100% complaint नहीं है|

जावास्क्रिप्ट एक स्क्रिप्टिंग भाषा है इसका तात्पर्य है कि यह एक ऐसी प्रोग्रामिंग भाषा है जो सीखने और प्रयोग करने में सरल है और जिसका प्रयोग छोटे-छोटे रूटीन या उपयोगों को लिखने में किया जाता है छोटे-छोटे प्रोग्रामों को ही स्क्रिप्ट कहा जाता है जावास्क्रिप्ट का विकास वेबपेजों में वार्तालाप (interactivity) संभव करने के लिए किया गया था|

इस समय जावा स्क्रिप्ट 3 रूपों में मिलता है –

1. Core JavaScript
2. Client Side JavaScript
3. Server Side JavaScript

1. इसमें कोर जावा स्क्रिप्ट (Core JavaScript) मौलिक जावास्क्रिप्ट भाग है इसमें ऑपरेटर (Operator),कंट्रोल संरचनाएं (Control Structure), बिल्ट इन फंक्शन (Built in function), तथा ऑब्जेक्ट (Object) शामिल है जिनसे मिलकर जावास्क्रिप्ट एक प्रोग्रामिंग भाषा बनती है|

2. क्लाइंट साइड जावास्क्रिप्ट (Client Side JavaScript) कोर जावास्क्रिप्ट का एक विस्तार है जो किसी ब्राउज़र को नियंत्रित करने के लिए तैयार किया गया है यह जावास्क्रिप्ट का सबसे लोकप्रिय रूप है|

3. सर्वर साइड जावास्क्रिप्ट (Server Side JavaScript) भी कोर जावा स्क्रिप्ट का एक अन्य विस्तार है जो डेटाबेस के उपयोग के लिए तैयार किया गया है यह कहीं अधिक जटिल है और सभी ब्राउज़र इसको सपोर्ट नहीं करते|

आजकल लगभग सभी ब्राउज़र क्लाइंट साइड जावास्क्रिप्ट को सपोर्ट करते हैं|